लोकतेज

सूरत : नकली सिगरेट का भंडाफोड़: रांदेर पालनपुर पाटिया क्षेत्र से दो आरोपी गिरफ्तार

सूरत शहर में नकली खाद्य पदार्थों के बाद अब नकली सिगरेट का भी भंडाफोड़ हुआ है। रांदेर पुलिस ने पालनपुर पाटिया स्थित एक पान के गल्ले और गुजरात हाउसिंग बोर्ड के एक घर से भारी मात्रा में नकली सिगरेट बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन सिगरेटों के डिब्बे पर कहीं भी यह नहीं लिखा था कि ये स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ दुकानदार नकली सिगरेट बेच रहे हैं। इस सूचना पर रांदेर पुलिस ने पालनपुर पाटिया में गणेश मंदिर के सामने स्थित जय भोले पान सेंटर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस को 1.30 लाख रुपये की नकली सिगरेट बरामद हुई।

पुलिस ने पान सेंटर के मालिक सुभाष लालचंत अमरनानी को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा पुलिस को पालनपुर पाटिया के पास गुजरात हाउसिंग बोर्ड के एक घर से भी विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप मिली। इस घर में रहने वाले मूलचंद नरवानी ने अपने घर में 68,000 रुपये की नकली सिगरेट रखी थी। पुलिस ने इसे भी जब्त कर लिया है।

एसओजी ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विभिन्न कंपनियों के नकली सिगरेट पैकेट बेच रहे थे। पुलिस ने उनके खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की धारा 7, 8, 9 और 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

Source: https://www.loktej.com/article/100900/surat-fake-cigarette-busted-two-accused-arrested-from-rander-palanpur